# नगर निगम शिमला

## सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम शिमला द्वारा निम्नलिखित Smart City Parking में स्थानीय निवासियों, सरकारी कार्यालयों/ विभागों, बैंकों एवं निजी प्रतिष्ठानों से वाहन पार्किंग हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। पार्किंग का विवरण निम्नानुसार है:

| क्र. सं. | पार्किंग का नाम | उपलब्ध क्षमता |
|---|---|---|
| 1. | M.C. Multistorey Parking, SDA Complex, Kasumpti, Shimla | 135 वाहन |
| 2. | M.C. Multistorey Parking, Auckland Tunnel, Shimla | 72 वाहन |
| 3. | M.C. Multistorey Parking Bangala Colony, Totu, Shimla | 59 वाहन |

इच्छुक आवेदक अपना आवेदन आयुक्त/अतिरिक्त आयुक्त, नगर निगम शिमला के नाम संबोधित करते हुए दिनांक **28-09-2026** तक सायं **5:00** बजे तक सामान्य शाखा (General Branch), नगर निगम शिमला में जमा कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। उक्त पार्किंग स्थलों हेतु वार्षिक पार्किंग शुल्क ₹20,000/- + लागू GST, अर्थात ₹23,600/- प्रति वाहन प्रति वर्ष (GST सहित) निर्धारित है। आवेदन के साथ वाहन की RC, स्थानीय निवास/पते का प्रमाण, आवेदक का पहचान प्रमाण तथा सरकारी कार्यालय/बैंक /निजी प्रतिष्ठान के मामले में संबंधित कार्यालय/संस्था का प्रमाण-पत्र/प्राधिकरण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

यदि एक ही परिवार के एक से अधिक सदस्यों द्वारा आवेदन प्रस्तुत किए जाते हैं अथवा एक ही आवेदक द्वारा अलग-अलग वाहनों हेतु एक से अधिक आवेदन प्रस्तुत किए जाते हैं, तो केवल एक आवेदन ही विचारार्थ स्वीकार किया जाएगा तथा उसी परिवार/आवेदक के अन्य आवेदन निरस्त/अमान्य माने जाएंगे। उपलब्ध क्षमता से अधिक पात्र आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में आवंटन ड्रा ऑफ लॉट्स (Draw of Lots) के अनुसार किया जाएगा। पार्किंग का आवंटन नगर निगम शिमला द्वारा निर्धारित नियमों एवं शर्तों के अधीन होगा। अधिक जानकारी के लिए सम्पदा शाखा, नगर निगम शिमला से संपर्क किया जा सकता है।

**अतिरिक्त आयुक्त**
**नगर निगम शिमला**